Series AABB1/3

Set – 2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/3/2**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).*
- *Please check that this question paper contains **37** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***



ZOLLEGE

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में 37 प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या 21 से 24 अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या 25 से 29 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या 30 से 33 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या 34 से 36 केस-आधारित/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं जिनमें 3 उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है ।*

*(viii)* ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या 37 मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न है जिसमें **दो** भाग हैं – **37 (a)** इतिहास (2 अंक) और **37 (b)** भूगोल (3 अंक) । इस प्रश्न के कुल 5 अंक हैं ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*



Z0LLEGE

**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **37** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper is divided into **SIX** sections – **Section A, B, C, D, E** and **F**.*

*(iii)* ***Section A** – Question numbers **1** to **20** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Question numbers **21** to **24** are Very Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Answer to these questions should not exceed **40** words.*

*(v)* ***Section C** – Question numbers **25** to **29** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions should not exceed **60** words.*

*(vi)* ***Section D** – Question numbers **30** to **33** are Long Answer type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions should not exceed **120** words.*

*(vii)* ***Section E** – Question numbers **34** to **36** are Case-based/Source-based questions with **three** sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* ***Section F** – Question number **37** is Map Skill based question with **two** parts – **37(a)** from History (**2** marks) and **37(b)** Geography (**3** marks). This question carries total **5** marks.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*



ZOLLEGE

## खण्ड – क (20 × 1 = 20)

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित में से कौन–सा बैंक देश में मुद्रा को जारी करता है और ऋण प्रणाली को नियंत्रित करता है ? 1

(A) पंजाब नेशनल बैंक

(B) इंडियन बैंक

(C) भारतीय रिज़र्व बैंक

(D) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

2. निम्नलिखित में से किस आधार पर प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों को बाँटा जाता है ? 1


(A) रोज़गार की प्रकृति

(B) गतिविधियों की प्रकृति

(C) स्वामित्व की प्रकृति

(D) आय की प्रकृति

3. दिए गए चेक के चित्र को पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से चेक नम्बर की पहचान कीजिए : 1


A/c Payee
दिनांक/Date 10 / 6 /2016
Pay PREM KUMAR
या धारक को Or Bearer
रुपये Rupees fifty seven thousand only.
अदा करें
रु.Rs. 57000/-
खा. सं. A/c. No. 16137926023
भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India
(01690) NCERT (NEW DELHI)
N.I.E. CAMPUS,
SRI AUROBINDO MARG,
NEW DELHI 110016
M. Sabir.
⑈362255⑈ 110002078⑆ 000313⑈ 10

(A) 362255

(B) 110002078

(C) 000313

(D) 16137926023



ZOLLEGE

## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** **(20 × 1 = 20)**

1. Which one of the following banks in India controls the issuance of currency and regulates the credit system in the country ? **1**

   (A) Punjab National Bank

   (B) Indian Bank

   (C) Reserve Bank of India

   (D) State Bank of India

2. Primary, Secondary and Tertiary sectors are divided in which one of the following basis ? **1**


   (A) Nature of employment

   (B) Nature of activities

   (C) Nature of ownership

   (D) Nature of income

3. Read the image of the cheque. Identify the cheque number from the given options : **1**




   (A) 362255

   (B) 110002078

   (C) 000313

   (D) 16137926023




ZOLLEGE

**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 3 के स्थान पर है :**

निम्नलिखित में से कौन सा भारत में ऋण का औपचारिक स्रोत है ? **1**

(A) मित्र

(B) साहूकार

(C) बैंक

(D) रिश्तेदार

4. नीचे दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए प्रश्न का उत्तर दीजिए। **1**

| देश | सकल राष्ट्रीय आय (स.रा.आ.) प्रति व्यक्ति अमेरिकी डॉलर में (2011 क्रय शक्ति क्षमता) | विश्व में मानव विकास सूचकांक (HDI) का क्रमांक (2018) |
|---|---|---|
| A | 12,707 | 73 |
| B | 6,681 | 130 |
| C | 4,961 | 148 |
| D | 5,005 | 154 |
| E | 3,457 | 143 |
| F | 4,976 | 134 |

निम्नलिखित देशों में से किसका विश्व में मानव विकास सूचकांक का क्रमांक सबसे अधिक है ?

(A) देश 'A' (B) देश 'C'

(C) देश 'D' (D) देश 'E'

5. निम्नलिखित में से 'साक्षरता दर' के लिए कौन-सी परिभाषा सर्वोप्युक्त है ? **1**

(A) वैश्विक स्तर पर साक्षर जनसंख्या

(B) सात वर्ष और उससे अधिक के लोगों में साक्षर जनसंख्या का अनुपात

(C) एक क्षेत्र में स्कूल जाने वाले बच्चों की कुल संख्या

(D) एक क्षेत्र में स्कूलों की औसत संख्या

6. निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्वीकरण का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है ? **1**

(A) समान संस्कृति

(B) पर्यावरण समर्थन

(C) घरेलू बाज़ार का समर्थन

(D) नए बाज़ार तक पहुँच



ZOLLEGE

**The following question is for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 3 :**

Which of the following is the formal source of loan in India ? **1**

(A) Friends

(B) Money-lenders

(C) Banks

(D) Relatives

4. Study the table given below carefully and answer the question that follows. **1**

| Country | Gross National Income (GNI) per capita (2011 PPP $) | HDI Rank in the world (2018) |
|---|---|---|
| A | 12,707 | 73 |
| B | 6,681 | 130 |
| C | 4,961 | 148 |
| D | 5,005 | 154 |
| E | 3,457 | 143 |
| F | 4,976 | 134 |

Which of the following country has high Human Development Index Rank in the world ?

(A) Country 'A' (B) Country 'C'

(C) Country 'D' (D) Country 'E'

5. Which one of the following definitions is most suitable for the 'Literacy Rate' ? **1**

(A) The literate population at the global level

(B) The proportion of literate population in the seven years and above

(C) The total number of children attending school in a region

(D) The average number of schools in a region

6. Which one of the following is a significant aspect of globalisation ? **1**

(A) Uniform Culture

(B) Environmental Support

(C) Support to Domestic Market

(D) Access to New Markets



ZOLLEGE

7. केन्द्र और राज्यों के बीच विवादों को सुलझाने के लिए निम्नलिखित में से कौन जिम्मेदार है ? **1**

(A) भारतीय वित्त आयोग

(B) भारत का सर्वोच्च न्यायालय

(C) भारत का राष्ट्रपति

(D) भारत का प्रधानमंत्री

8. लोकतंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

I. नागरिकों में समानता लाना

II. कुछ लोगों द्वारा सरकार बनाना

III. मानव अधिकार का संरक्षण करना

IV. नियंत्रण और संतुलन व्यवस्था बनाना

**विकल्प :**

(A) I, II और III

(B) II, III और IV

(C) I, III और IV

(D) I, II और IV

9. राजनीतिक दल जनता के प्रति जवाबदेही कैसे सुनिश्चित करते हैं ? निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(A) प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से

(B) सोशल मीडिया मुहिम के माध्यम से

(C) पक्षालम्बन के माध्यम से

(D) चुनाव और मतदाताओं के समर्थन के माध्यम से



ZOLLEGE

7. Which of the following is responsible for resolving disputes between Centre and States ? **1**

(A) Finance Commission of India

(B) Supreme Court of India

(C) President of India

(D) Prime Minister of India

8. Read the following statements regarding democracy and choose the correct option. **1**

I. Promotes equality among citizens

II. Government by few individuals

III. Protection of human rights

IV. Ensures checks and balance system

**Options :**

(A) I, II and III

(B) II, III and IV

(C) I, III and IV

(D) I, II and IV

9. How do Political Parties ensure accountability to the public ? Choose the most suitable option from the following. **1**

(A) Through Press Conferences

(B) Through Social Media Campaigns

(C) Through encouraging Partisanship

(D) Through Elections and Voter Support



ZOLLEGE

10. निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा महिला सशक्तिकरण का सबसे उपयुक्त वर्णन है ? **1**

(A) पुरुषों को नेतृत्व की भूमिका बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना ।

(B) पुरुषों पर महिलाओं की श्रेष्ठता को बढ़ावा देना ।

(C) महिलाओं के लिए समान अवसर और अधिकार सुनिश्चित करना ।

(D) सभी क्षेत्रों में पुरुषों के अधिकारों को सीमित करना ।

11. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ – I (भारतीय संविधान में विषयों की सूची)** | | **स्तंभ – II (विषय)** | |
|---|---|---|---|
| I. | संघ सूची | a. | ट्रेड यूनियन |
| II. | राज्य सूची | b. | बैंकिंग |
| III. | समवर्ती सूची | c. | पुलिस |
| IV. | बचे हुए विषयों की सूची | d. | इंटरनेट |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | a | c | b |
| (B) | b | c | a | d |
| (C) | a | b | d | c |
| (D) | c | d | b | a |

12. निम्नलिखित जानकारियों को पढ़िए और फसल की पहचान कीजिए । **1**

- यह भारत में अधिकांश लोगों की प्रमुख खाद्यान्न फसल है ।
- भारत इस फसल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है ।
- यह एक खरीफ़ फसल है ।
- इसे अधिक आर्द्रता के साथ 100 सेमी वार्षिक वर्षा की आवश्यकता होती है ।

**फसल :**

(A) रागी

(B) बाजरा

(C) गेहूँ

(D) चावल



ZOLLEGE

10. Which one of the following statements, best describes women empowerment ? **1**

(A) Encouraging men to take leadership roles.

(B) Promoting superiority of women over men.

(C) Ensuring equal opportunities and rights for women.

(D) Limiting the rights of men in all spheres.

11. Match Column-I with Column-II and choose the correct option from the following : **1**

| | **Column-I (Subject List in the Indian Constitution)** | | **Column-II (Subject)** |
|---|---|---|---|
| I. | Union List | a. | Trade Union |
| II. | State List | b. | Banking |
| III. | Concurrent List | c. | Police |
| IV. | Residuary List | d. | Internet |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | a | c | b |
| (B) | b | c | a | d |
| (C) | a | b | d | c |
| (D) | c | d | b | a |

12. Read the following informations and identify the crop. **1**

- It is the staple food crop of majority of people in India.
- India is the second largest producer of this crop.
- It is a Kharif crop.
- It requires high humidity with 100 cm of annual rainfall.

**Crops :**

(A) Ragi

(B) Bajra

(C) Wheat

(D) Rice



ZOLLEGE

13. निम्नलिखित में से कौन-सी सिंचाई प्रणाली मेघालय में है ? 1

(A) केवल बरसात के मौसम में भूमि की सिंचाई करना ।

(B) सिंचाई के लिए बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग करना ।

(C) मिट्टी से पानी निकालना ।

(D) बाँस ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग करना ।

14. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

I. स्वराज पार्टी का गठन

II. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन

III. गांधी-इर्विन समझौता

IV. दमित वर्ग एसोसिएशन की स्थापना

**विकल्प :**

(A) II, III, I और IV

(B) I, II, IV और III

(C) I, III, II और IV

(D) IV, III, II और I

15. 'पूर्वी भारत में उपजा बौद्ध धर्म कई दिशाओं में फैला ।' 1

इसके फैलाव के निम्नलिखित कारणों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

I. सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कारण

II. सिल्क मार्ग के कारण

III. व्यापार और मुसाफिरों के कारण

IV. यूरोपवासियों के प्रयास के कारण

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और IV सही हैं ।

(B) केवल II, III और IV सही हैं ।

(C) केवल I, II और III सही हैं ।

(D) केवल I, III और IV सही हैं ।



ZOLLEGE

13. Which one of the following is the irrigation system in Meghalaya ? **1**

(A) To irrigate land only during rainy season.

(B) To use large volumes of water for irrigation.

(C) To remove water from soil.

(D) To use bamboo drip irrigation system.

14. Arrange the following events of Indian National Movement in chronological order and choose the correct option. **1**

I. Formation of Swaraj Party

II. Lahore Session of the Indian National Congress

III. Gandhi-Irwin Pact

IV. Formation of Depressed Class Association

**Options :**

(A) II, III, I and IV　　(B) I, II, IV and III

(C) I, III, II and IV　　(D) IV, III, II and I

15. 'Buddhism emerged from eastern India and spread in several directions.' **1**

Read the following reasons for its spread and choose the correct option.

I. Due to Cultural exchange

II. Due to Silk route

III. Due to trade & travellers

IV. Due to European efforts

**Options :**

(A) Only I, II and IV are correct.　　(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, II and III are correct.　　(D) Only I, III and IV are correct.


ZOLLEGE

16. निम्नलिखित में से कौन–सा एक प्रमुख संकेतक है जिसका उपयोग किसी देश के विकास को मापने के लिए किया जाता है ? **1**

(A) प्राथमिक उत्पादन
(B) द्वितीयक उत्पादन
(C) सकल घरेलू उत्पाद
(D) शुद्ध घरेलू उत्पाद

17. निम्नलिखित विकल्पों में से बेल्जियम में सत्ता साझेदारी व्यवस्था के प्राथमिक उद्देश्य की पहचान कीजिए । **1**

(A) सरकार का एकात्मक रूप स्थापित करना ।
(B) सरकार का केन्द्रीकृत राजनीतिक नियंत्रण ।
(C) डच के सांस्कृतिक और शैक्षिक मामलों की स्थापना ।
(D) भाषाई और क्षेत्रीय हितों को समायोजित करना ।

18. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

**अभिकथन (A) :** प्रशा की पहल पर एक शुल्क संघ 'जॉलवेराइन' स्थापित किया गया ।

**कारण (R) :** यह एकीकृत आर्थिक क्षेत्र के सृजन की बात थी जहाँ वस्तुओं, लोग और पूँजी का आवागमन बाधारहित हो ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।


ZOLLEGE

16. Which of the following is a key indicator used to measure a country's development ? **1**

(A) Primary Production (B) Secondary Production

(C) Gross Domestic Product (D) Net Domestic Product

17. Identify the primary objective of power sharing arrangements in Belgium from the following options. **1**

(A) Establishing a unitary form of government.

(B) Centralized political control of government.

(C) Establishing cultural and educational matters of Dutch.

(D) Accommodating linguistic and regional interest.

18. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both statements and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** On Prussian initiative 'Zolleverin' Custom Union was formed.

**Reason (R) :** It was to create unified economic territory allowing the unhindered movement of goods, people and capital.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is wrong.

(D) (A) is wrong, but (R) is true.



ZOLLEGE

19. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

| | **स्तंभ – I** | | **स्तंभ – II** |
|---|---|---|---|
| | **(धातु)** | | **(उदाहरण)** |
| I. | लौह | a. | कोयला |
| II. | अलौह | b. | ग्रेनाइट |
| III. | अधात्विक | c. | बॉक्साइट |
| IV. | ऊर्जा | d. | कोबाल्ट |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | d | c | a |
| (B) | d | c | b | a |
| (C) | a | b | d | c |
| (D) | c | d | b | a |

20. निम्नलिखित में से 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन किसने किया ? 1

(A) रशसुंदरी देवी

(B) ताराबाई शिंदे

(C) राजा राममोहन राय

(D) राम चड्ढा



ZOLLEGE

19. Match Column-I with Column-II and choose the correct option. **1**

| | **Column-I (Minerals)** | | **Column-II (Examples)** |
|---|---|---|---|
| I. | Ferrous | a. | Coal |
| II. | Non-Ferrous | b. | Granite |
| III. | Non-Metallic | c. | Bauxite |
| IV. | Energy | d. | Cobalt |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | d | c | a |
| (B) | d | c | b | a |
| (C) | a | b | d | c |
| (D) | c | d | b | a |

20. Who among the following published 'Samvad Kaumudi' ? **1**

(A) Rashsundari Debi

(B) Tarabai Shinde

(C) Raja Rammohan Roy

(D) Ram Chaddha


ZOLLEGE

## खण्ड – ख (4 × 2 = 8)

### (अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)

21. "व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान, दोनों प्रक्रियाएँ साथ-साथ चलती हैं ।" इस कथन की व्याख्या आधुनिक काल के पहले के युग के संदर्भ में कीजिए । **2**

22. 'देश की राजनीति में महिलाओं की भूमिका धीरे-धीरे बढ़ रही है ।' इस कथन की परख कीजिए । **2**

23. (a) भूमि निम्नीकरण की समस्या को हल करने के लिए कोई दो तरीकों को सुझाइए । **2**

**अथवा**

(b) संसाधनों के संरक्षण के लिए किन्हीं दो तरीकों का सुझाव दीजिए । **2**

24. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.) का विकास मापदंड विश्व बैंक से किस प्रकार अलग है ? स्पष्ट कीजिए । **2**

## खण्ड – ग (5 × 3 = 15)

### (लघु–उत्तरीय प्रश्न)

25. "सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के महत्वपूर्ण प्रभाव के कारण भारत की विकास प्रक्रिया में परिवर्तन आया है ।" इस कथन को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **3**

26. (a) जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया का विश्लेषण कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) इटली के एकीकरण की प्रक्रिया का विश्लेषण कीजिए । **3**



ZOLLEGE

## SECTION – B (4 × 2 = 8)

### (Very Short Answer Type Questions)

21. "Trade and Cultural exchange always went hand in hand." Explain the statement in the context of pre-modern world. **2**

22. "Role of women is gradually enhancing in the politics of the country." Examine the statement. **2**

23. (a) Suggest any two ways to solve the problem of land degradation. **2**

**OR**

(b) Suggest any two ways for the conservation of resources. **2**

24. How does the United Nations Development Program's (UNDP's) developmental criterion differ from the World Bank ? Explain. **2**

## SECTION – C (5 × 3 = 15)

### (Short Answer Type Questions)

25. "The development process of India has experienced transformation due to the significant influence of Information Technology (I.T.) and Electronic Industry." Explain the statement with examples. **3**

26. (a) Analyse the process of German Unification. **3**

**OR**

(b) Analyse the process of Italian Unification. **3**



Z0LLEGE

27. राजनीतिक दलों के सामने आने वाली किन्हीं तीन चुनौतियों का वर्णन कीजिए। 3

28. सस्ता और सामर्थ्य के अनुकूल ऋण देश के विकास के लिए अति आवश्यक क्यों है ? स्पष्ट कीजिए। 3

29. देश के विकास में तृतीयक क्षेत्र की भूमिका की परख कीजिए। 3

**खण्ड – घ** **(4 × 5 = 20)**

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)**

30. (a) "अपने लिए समर्थन पैदा करने की लोकतंत्र की क्षमता भी लोकतंत्र का एक परिणाम ही है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

(b) "लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनीतिक समानता पर आधारित होती है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। 5

31. (a) वाणिज्यिक कृषि की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

(b) प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 5

32. (a) "ऐसी बहुत सारी सांस्कृतिक प्रक्रियाएँ थीं, जिनके द्वारा भारतीय राष्ट्रवाद लोगों की कल्पना और दिलो–दिमाग पर छा गया।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन में समाज के विभिन्न समूह किस प्रकार शामिल थे ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 5


ZOLLEGE

27. Describe any three challenges faced by the Political Parties. **3**

28. Why is cheap and affordable credit important for the country's development ? Explain. **3**

29. Examine the role of Tertiary sector in the development of the country. **3**

## SECTION – D (4 × 5 = 20)

### (Long Answer Type Questions)

30. (a) "Democracy's ability to generate its own support is also its outcome and it cannot be ignored." Explain the statement. **5**

**OR**

(b) "Democratic systems are based on political equality." Explain the statement. **5**

31. (a) Explain the features of Commercial Farming. **5**

**OR**

(b) Explain the features of Primitive Subsistence Farming. **5**

32. (a) "There were variety of cultural processes through which Indian Nationalism captured people's imagination." Explain the statement with examples. **5**

**OR**

(b) How were the various social groups involved in the Civil Disobedience Movement ? Explain with examples. **5**



ZOLLEGE

33. (a) वैश्वीकरण में उदारवाद की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। 5

**अथवा**

(b) वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रोन्नत करने के लिए किन्हीं पाँच कारकों की परख कीजिए। 5

**खण्ड – ङ** **(3 × 4 = 12)**

**(केस–आधारित प्रश्न)**

34. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए : 4

**पंचायती राज**

**"महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने और अपने संविधान निर्माताओं की उम्मीदों को पूरा करने के लिए हमें पंचायतों को अधिकार देने की ज़रूरत है। पंचायती राज ही वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना करता है। यह सत्ता उन लोगों के हाथों में सौंपता है जिनके हाथों में इसे होना चाहिए। भ्रष्टाचार कम करने और प्रशासनिक कुशलता को बढ़ाने का एक उपाय पंचायतों को अधिकार देना भी है। जब विकास की योजनाओं को बनाने और लागू करने में लोगों की भागीदारी होगी तो इन योजनाओं पर उनका नियंत्रण बढ़ेगा। इससे भ्रष्ट बिचौलियों को खत्म किया जा सकेगा। इस प्रकार पंचायती राज लोकतंत्र की नींव को मज़बूत करेगा।"**

(34.1) पंचायतों को शक्ति देना महात्मा गांधी के दृष्टिकोण से कैसे सम्बन्धित है ? 1

(34.2) पंचायतों को शक्ति देने के प्राथमिक उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 1

(34.3) पंचायती राज की स्थापना लोकतंत्र में कैसे योगदान देती है ? स्पष्ट कीजिए। 2

35. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

**अख़बार क्यों ?**

**'पूना के कृष्णाजी त्रिम्बक राणाडे मराठी का एक अख़बार निकालना चाहते हैं, जिसमें स्थानीय दिलचस्पी की तमाम उपयोगी ख़बरों को जगह मिल सके। इसमें सार्वजनिक उपयोगिता, वैज्ञानिक अन्वेषण के अलावा प्राक्–विद्या, सांख्यिकी, जिज्ञासाओं, देश के विभिन्न हिस्सों के बारे में आमतौर पर, और दक्कन पर ख़ासतौर पर जानकारियाँ होंगी... ऐसे तमाम लोगों से मदद और संरक्षण का निवेदन है, जो ज्ञान के प्रसार और जनकल्याण के इच्छुक हैं।'**

***बॉम्बे टेलीग्राफ़ एंड कोरियर, 6 जनवरी, 1849***



ZOLLEGE

33. (a) Analyse the role of Liberalisation in the globalisation. **5**

**OR**

(b) Examine five factors to promote the process of globalisation. **5**

## SECTION – E (3 × 4 = 12)

### (Case Based Questions)

34. Read the following source and answer the questions that follow : **4**

**Panchayati Raj**

**"We need to give more power to the panchayats to realise the dream of Mahatma Gandhi and the hopes of the makers of our Constitution, Panchayati Raj establishes true democracy. It restores power to the only place where power belongs in a democracy – in the hands of the people. Giving power to Panchayats is also a way to reduce corruption and increase administrative efficiency. When people participate in the planning and implementation of developmental schemes, they would naturally exercise greater control over these schemes. This would eliminate the corrupt middlemen. Thus, Panchayati Raj will strengthen the foundations of our democracy."**

(34.1) How does giving power to Panchayats relate to the vision of Mahatma Gandhi ? **1**

(34.2) Explain the primary objective of giving power to the Panchayats. **1**

(34.3) How does the establishment of Panchayati Raj contribute to democracy ? Explain. **2**

35. Read the following source and answer the questions that follow : **4**

**Why Newspapers ?**

**'Krishnaji Trimbuck Ranade inhabitant of Poona intends to publish a Newspaper in the Marathi Language with a view of affording useful information on every topic of local interest. It will be open for free discussion on subjects of general utility, scientific investigation and the speculations connected with the antiquities, statistics, curiosities, history and geography of the country and of the Deccan especially... the patronage and support of all interested in the diffusion of knowledge and welfare of the people is earnestly solicited.'**

***Bombay Telegraph and Courier, 6 January, 1849***



ZOLLEGE

**'देसी अख़बारों और राजनीतिक सभाओं की वही भूमिका होती है, जो इंग्लैंड के हाउस ऑफ़ कॉमन्स में विपक्ष की होती है । यानी कि वह सरकारी नीतियों की आलोचनात्मक समीक्षा कर, लोगों के हित साधने में अक्षम हिस्सों को निकालें और सुधार करें, तथा उनको तेज़ी से लागू करने का काम करें ।**

**इन सभाओं को चाहिए कि वे देश के ख़ास मुद्दों पर नाना तरह की सूचनाएँ जमा करें और क्या संभव और वांछित सुधार हैं, वह बताएँ, इन कार्यों का काफ़ी असर होगा ।'**

***नेटिव ओपिनियन, 3 अप्रैल, 1870***

(35.1) मराठी भाषा के अख़बार प्रकाशित करने के लिए राणाडे द्वारा प्रस्तावित प्राथमिक उद्देश्य का विश्लेषण कीजिए । **1**

(35.2) बॉम्बे टेलीग्राफ ने दक्कन क्षेत्र के जनकल्याण को बढ़ावा देने में अख़बार की भूमिका पर क्यों जोर दिया ? **1**

(35.3) देशी समाचार-पत्रों को कौन-सी मुख्य जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए । **2**

36. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

**पवित्र पेड़ों के झुरमुट–विविध और दुर्लभ जातियों की संपत्ति**

**प्रकृति की पूजा सदियों पुराना जनजातीय विश्वास है, जिसका आधार प्रकृति के हर रूप की रक्षा करना है । इन्हीं विश्वासों ने विभिन्न वनों को मूल एवं कौमार्य रूप में बचाकर रखा है, जिन्हें पवित्र पेड़ों के झुरमुट (देवी-देवताओं के वन) कहते हैं । वनों के इन भागों में या तो वनों के ऐसे बड़े भागों में स्थानीय लोग ही घुसते तथा न ही किसी और को छेड़छाड़ करने देते ।**

**कुछ समाज कुछ विशेष पेड़ों की पूजा करते हैं और आदिकाल से उनका संरक्षण करते आ रहे हैं । छोटानागपुर क्षेत्र में मुंडा और संथाल जनजातियाँ महुआ और कदंब के पेड़ों की पूजा करते हैं । ओडिशा और बिहार की जनजातियाँ शादी के दौरान इमली और आम के पेड़ की पूजा करती हैं । हममें से बहुत से व्यक्ति पीपल और वटवृक्ष को पवित्र मानते हैं ।**

**भारतीय समाज में अनेकों संस्कृतियाँ हैं और प्रत्येक संस्कृति में प्रकृति और इसकी कृतियों को संरक्षित करने के अपने पारंपरिक तरीके हैं । आमतौर पर झरनों, पहाड़ी चोटियों, पेड़ों और पशुओं को पवित्र मानकर उनका संरक्षण किया जाता है । आप अनेक मंदिरों के आस-पास बंदर और लंगूर पाएँगे । उपासक उन्हें खिलाते-पिलाते हैं और मंदिर के भक्तों में गिनते हैं । राजस्थान में बिश्नोई गाँवों के आस-पास आप काले हिरण, चिंकारा, नीलगाय और मोरों के झुंड देख सकते हैं जो वहाँ के समुदाय का अभिन्न हिस्सा हैं और कोई उनको नुकसान नहीं पहुँचाता ।**



ZOLLEGE

**'The task of the native newspapers and political associations is identical to the role of the Opposition in the House of Commons in Parliament in England. That is of critically examining government policy to suggest improvements, by removing those parts that will not be to the benefit of the people, and also by ensuring speedy implementation.**
**These associations ought to carefully study the particular issues, gather diverse relevant information on the nation as well as on what are the possible and desirable improvements, and this will surely earn it considerable influence.'**
***Native Opinion, 3 April, 1870***

(35.1) Analyse the primary objective proposed by Ranade for publishing Marathi Language newspaper. **1**

(35.2) Why did the Bombay Telegraph emphasize the role of newspaper in promoting welfare of Deccan region ? **1**

(35.3) What were the key responsibilities attributed to native newspapers ? Mention any two. **2**

36. Read the following source and answer the questions that follow : **4**

**Sacred Groves – A wealth of diverse and rare species**

**Nature worship is an age old tribal belief based on the premise that all creations of nature have to be protected. Such beliefs have preserved several virgin forests in pristine form called Sacred Groves (the forests of God and Goddesses). These patches of forest or parts of large forests have been left untouched by the local people and any interference with them is banned.**
**Certain societies revere a particular tree which they have preserved from time immemorial. The Mundas and the Santhal of Chota Nagpur region worship mahua (Bassia latifolia) and kadamba (Anthocaphalus cadamba) trees, and the tribals of Odisha and Bihar worship the tamarind (Tamarindus indica) and mango (mangifera indica) trees during weddings. To many of us, peepal and banyan trees are considered sacred.**
**Indian society comprises several cultures, each with its own set of traditional methods of conserving nature and its creations. Sacred qualities are often ascribed to springs, mountain peaks, plants and animals which are closely protected. You will find troops of macaques and langurs around many temples. They are fed daily and treated as a part of temple devotees. In and around Bishnoi villages in Rajasthan, herds of blackbuck, (chinkara), nilgai and peacocks can be seen as an integral part of the community and nobody harms them.**


ZOLLEGE

(36.1) पवित्र पेड़ों के झुरमुट, प्रकृति की पूजा की मान्यता से कैसे संबंधित है ? **1**

(36.2) समुदाय, पेड़ों को अपनी संस्कृतियों में किस प्रकार शामिल करते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए। **1**

(36.3) उन सांस्कृतिक मूल्यों की व्याख्या कीजिए जो प्रकृति के सह–अस्तित्व में योगदान देते हैं। **2**

## खण्ड – च (2 + 3 = 5)

### (मानचित्र आधारित प्रश्न)

37. (a) दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थान (A) और (B) के रूप में दर्शाए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटित हुई। **1**

(ii) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ। **1**

(b) भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए : **3 × 1 = 3**

(i) भाखड़ा नांगल – बाँध **1**

(ii) नोएडा – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क **1**

(iii) तारापुर – परमाणु ऊर्जा संयंत्र **1**

(iv) हल्दिया – समुद्री पत्तन **1**


ZOLLEGE

(36.1) How does sacred groves relate to the belief in nature worship ? **1**

(36.2) How do communities incorporate trees into their cultural practices ? Explain with example. **1**

(36.3) Explain the cultural values that contribute to the coexistence of nature. **2**

## SECTION – F (2 + 3 = 5)

### (Map Based Questions)

37. (a) Two places (A) and (B) have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : **2 × 1 = 2**

(i) The place where Jallianwala Bagh Massacre took place. **1**

(ii) The place where the session of Indian National Congress was held in 1927. **1**

(b) On the same political outline map of India, locate and label any **three** of the following with suitable symbols : **3 × 1 = 3**

(i) Bhakra Nangal – Dam **1**

(ii) Noida – Software Technology Park **1**

(iii) Tarapur – Nuclear Power Plant **1**

(iv) Haldia – Sea Port **1**



ZOLLEGE

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर हैं ।** **5 × 1 = 5**

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(37.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटी । **1**

(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ । **1**

(37.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ भाखड़ा–नांगल बाँध स्थित है । **1**

(37.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है । **1**

(37.5) नोएडा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क किस राज्य में स्थित है ? **1**

(37.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हल्दिया समुद्री पत्तन स्थित है । **1**



ZOLLEGE

**Note :** **The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 37.** **$5 \times 1 = 5$**

Attempt any **five** questions.

(37.1) Name the state where Jallianwala Bagh incident took place. **1**

(37.2) Name the place where the Indian National Congress Session was held in 1927. **1**

(37.3) Name the state where Bhakra Nangal dam is located. **1**

(37.4) Name the state where Tarapur Nuclear Power Plant is located. **1**

(37.5) In which state is the Noida Software Technology Park located ? **1**


(37.6) Name the state where Haldia Sea Port is located. **1**



Z0LLEGE

यहाँ से काटें ------ Cut Here ------ यहाँ से काटें ------ Cut Here

प्रश्न सं. **37** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **37**







ZOLLEGE

ZOLLEGE